Class VI Ch-3 - (एलबम)
H.Hindi

मौखिक

उ० 1>
क- पंडित शादीराम ने लाला सदानंद से कर्ज़ लिया था।

ख> लाला सदानंद ने पत्रिकाएँ देखकर उन्हें सुझाव दिया कि इनमें से अच्छे-अच्छे चित्र निकालकर एक एलबम बनाएँ और चित्रों के शौकीन किसी व्यक्ति को बेचकर पैसे कमाएँ।

ग> इस कथन से मानव-स्वभाव की प्राप्य से संतुष्ट न होने की इच्छा प्रकट होती है। यहाँ मनुष्य की लालची प्रवृत्ति तथा असंतोष की भावना उजागर होती है।

घ> पंडित शादीराम ने चित्रों की एलबम बनाकर बेची। उससे प्राप्त रुपयों से उन्होंने अपना कर्ज़ चुकाया।

लिखित

क → गरीबी के कारण ज़रूरतें पूरी करने के लिए पंडित शादीराम को यजमानों से पैसा उधार लेना पड़ता था। इस दशा में प्रत्येक पैसा उनके लिए मोहर जितना ही मूल्यवान था।

ख → (i) आशय स्पष्टीकरण —

लाला सदानंद ने पंडित शादीराम को पाँच सौ रुपए दिए थे जिन्हें पंडित जी बहुत समय तक लौटा नहीं पाए। लाला सदानंद ने वे पैसे कभी माँगे भी नहीं। उनकी इस सज्जनता एवं भले स्वभाव से पंडित जी दबे जा रहे थे और कभी आँख उठाकर बात नहीं कर पाते थे।

(ii) पंडित जी सब तरह से प्रयत्न कर चुके थे कि उधार लिया रुपया लौटा दें पर अचानक कुछ ऐसा घट जाता

SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA

कि इकट्ठा किया रुपया खर्च हो जाता। पंडित जी अब बिलकुल निराश हो चुके थे। वे सोच रहे थे कि जीवनभर सदानंद जी का पैसा नहीं लौटा पाएँगे।

(iii) पंडित जी दिनभर सोचते रहते कि अभी विज्ञापन के उत्तर में एलबम खरीदने की चिट्ठी आती ही होगी। जिस प्रकार दिन में सड़क पर लोगों के चलने के कारण उड़ने-वाली धूल रात को नीचे बैठ जाती है उसी प्रकार कोई चिट्ठी न आने पर रात को पंडित जी निराश हो जाते कि एलबम कोई नहीं लेगा।

(iv) पंडित जी ने लाला सदानंद से कहा कि आज मुझे ऋण का भार उतार लेने दीजिए। मेरे हाथ में पैसे आ गए हैं और मैं आपको ये रुपए अवश्य दूँगा जिससे हलका महसूस करूँ।

ग → 'लाला जी की उदारता', 'उधार का बोझ', आदि।

अभ्यास

श्रुतलेख

ऋण, हृदय, बरछियाँ, विवशता, भलमनसी, रद्दी, विज्ञापन, प्रतीक्षा, रजिस्ट्री, किरकिरी, सज्जनता, ब्राह्मण, गज़ब, चिरंजीवी, भगवद्गीता

पाठ से...

मौखिक

उद्देश्य:- **Oral Expression**
- recall
- description

क. पंडित शादीराम ने किससे कर्ज़ लिया था?

ख. लाला सदानंद ने पत्रिकाएँ देखकर उन्हें क्या सुझाव दिया?

ग. 'अगर दो हज़ार लिख देता तो शायद उतने ही मिल जाते' — इस कथन से मानव-स्वभाव की कौन-सी विशेषता उजागर होती है?

घ. पंडित शादीराम ने अपना कर्ज़ कैसे चुकाया?

लिखित

उद्देश्य:- **Written Expression**
- reasoning • connotation
- शीर्षक

M.I.- intrapersonal

क. पंडित शादीराम के लिए एक-एक पैसा मोहर जैसा क्यों था?

ख. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए —

i. लाला सदानंद की भलमनसी के सामने वे आँख न उठा पाते थे।

ii. घोर निराशा ने सभी द्वार बंद कर दिए थे।

iii. रात को आशा, सड़क की धूल की तरह बैठ जाती थी।

iv. मुझे आज हलका होने दीजिए।

ग. इस कहानी के लिए कोई अन्य शीर्षक लिखिए।

वाक्यों को कहानी के घटनाक्रम के अनुसार लगाइए—

- sequencing

क. लाला सदानंद ने समाचार पत्रों में विज्ञापन दे दिया। (3)

ख. पंडित शादीराम ने दिनभर बैठकर तसवीरें छाँटी। (2)

ग. पंडित शादीराम को लाला सदानंद के पाँच सौ रुपए देने थे। (1)

घ. लिफ़ाफ़े में सौ-सौ के नोट थे। (5)

SHOT ON REDMI NOTE5 PRO

ङ. एक मारवाड़ी सेठ ने एलबम मँगवाने के लिए पत्र लिखा। (4)

च. लाला सदानंद ने स्वयं एलबम खरीद ली थी। (7)

छ. पंडित जी को लाला सदानंद के सिरहाने कोई चुभती चीज़ जान पड़ी। (6)

सोचकर लिखिए—

एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करने के क्या लाभ हैं?

Values • humanity • self-respect

भाषा से...

1. निम्नलिखित शब्दों को ध्यान से पढ़िए—

• suffix

शरीर + इक — शारीरिक

विज्ञान + इक — वैज्ञानिक

उद्योग + इक — औद्योगिक

लोक + इक — लौकिक

इक प्रत्यय लगाने पर पहले स्वर में परिवर्तन हो जाता है—
अ/आ—आ; इ/ई—ऐ; उ/ऊ/ओ—औ

नीचे दिए गए शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर लिखिए—

मास — ·····मासिक·····

सप्ताह — साप्ताहिक

समाज — सामाजिक

वर्ष — वार्षिक

विचार — ·····वैचारिक·····

दिन — दैनिक

नीति — नैतिक

इतिहास — ऐतिहासिक

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर खाली स्थान में भरिए—

• समश्रुत भिन्नार्थक शब्द

क. बड़े भाई को पढ़ने का ···शौक··· था। (शोक/शौक)

···शोक··· की बात है कि अब भाई साहब नहीं रहे।

ख. सदानंद ने पंडित जी को ···शॉल····· भेंट की। (साल/शॉल)

इस ···साल··· सरदी बहुत पड़ी थी।

ग. सदानंद की ···स्त्री····· दूध लेने दौड़ी। (इस्तरी/स्त्री)

गरम ···इस्तरी··· से कपड़े जल गए।

घ. यजमान को ···झूठा····· कहना उचित न था। (जूठा/झूठा)

नौकर ने ···जूठा····· भोजन कुत्ते को दे दिया।

SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA

3. नीचे लिखे शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए— • अनेकार्थी

अंक	गोद	कर	हाथ
	संख्या		करना
पत्र	पत्ता	तीर	बाण
	चिट्ठी		किनारा

4. गुनगुनाइए— • pronoun

क्या मैं और क्या तेरा, मेरा
इसका, उसका, जिसका, किसका
ये, वे, हम और तुम
सर्वनाम जहाँ, वहाँ संज्ञा चुप।

जैसे—शादीराम ने पैसा-पैसा बचाकर अस्सी रुपए जोड़ लिए। शादीराम को लाला सदानंद के पाँच सौ रुपए देने थे। शादीराम का लड़का लगातार चार महीने बीमार रहा था।

इन पंक्तियों में बार-बार संज्ञा शब्द **शादीराम** का उल्लेख हो रहा है। बार-बार संज्ञा शब्द का प्रयोग भाषा को अटपटा बना देता है। अत: हम इन वाक्यों को इस प्रकार लिख सकते हैं—शादीराम ने पैसा-पैसा बचाकर अस्सी रुपए जोड़ लिए। **उन्हें** लाला सदानंद के पाँच सौ रुपए देने थे। **उनका** लड़का लगातार चार महीने बीमार रहा था। इस प्रकार एक बार संज्ञा का प्रयोग करने के बाद सर्वनामों का प्रयोग किया गया है।

संज्ञा के स्थान पर आनेवाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित कीजिए—

i. वे गरीब थे परंतु दिल के बुरे न थे।
ii. मैं इनकी एलबम बनाऊँगा।
iii. ये चित्रकला के बढ़िया नमूने हैं।
iv. कुछ दिन बाद उन्हें जवाब में एक बीमा मिला।

5. **दिए गए विशेषण शब्दों के लिए उपयुक्त विशेष्य लिखिए—** • adjective • noun

विशेषण	विशेष्य	विशेषण	विशेष्य
पुरानी	पत्रिकाएँ	रंगीन	चित्र
चार	बालक	ठंडी	ज़मीन
सारा	दिन	मासिक	पत्रिका
गरीब	लकड़हारा	सख्त	सज़ा

SHOT ON REDMI NOTE5 PRO
MI DUAL CAMERA

6. • एक मारवाड़ी सेठ ने पत्र लिखा **कि** एलबम भेज दो।

• पंडित जी **की** आँखों में आँसू आ गए।

• कि-की में अंतर

पहले वाक्य में **कि** का प्रयोग दो वाक्यों को जोड़ने का काम कर रहा है। यह **योजक** भी कहलाता है और दो वाक्यों को जोड़ने के काम आता है। दूसरे वाक्य में **की** का प्रयोग दो संज्ञाओं का संबंध बताने के लिए किया गया है। '**की**' का प्रयोग क्रिया के भूतकाल में भी किया जाता है। जैसे—मैंने पढ़ाई की।

इस अंतर को समझते हुए निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान पर कि या की भरिए—

i. लाला सदानंद अपने पुरोहित ····की···· विवशता को जानते थे।

ii. वे चाहते थे कि·· पैसे अदा हो जाएँ।

iii. पंडित जी ने यजमान के लिए प्रार्थना ··की··।

iv. उन्हें इस रकम ··की·· ज़रा भी परवाह न थी।

v. वे सोचा करते थे ··कि·· यह कैसे भलेमानस हैं।

7. **दिए गए मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए—**

• idioms

सिर पीटना, दिल काँपना, पेट काटना, हृदय पर बरछियाँ चलना

....

....

....

....

सुझावित रचनात्मक गतिविधियाँ

अपनी रुचि के अनुसार कोई एक गतिविधि चुनकर कीजिए—

1. नीचे दिए गए संकेतों के आधार पर एक कहानी लिखिए—
रमन, ईमानदार, पढ़ा-लिखा, बेरोज़गार, बाज़ार, पर्स मिलना, सेठ का पता, पर्स लौटाना, नौकरी देना
2. महान व्यक्तियों और साहित्यकारों के चित्र एकत्र करके उन्हें एक एलबम में चिपकाइए और कक्षा में उनकी प्रदर्शनी लगाइए।
3. अपने सहपाठी के फ़ीस के पैसे चोरी हो जाने पर आपने कैसे उसकी सहायता की — एक अनुच्छेद लिखिए।

• creative writing
• album making
• paragraph writing
M.I.
- linguistic
- spatial

पाठ से आगे

पुस्तकालय से लेकर या इंटरनेट पर 'सुदर्शन' की कुछ और कहानियाँ पढ़िए। *www.gadyakosh.org*

SHOT ON REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA